राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

आकाशवाणी, जयपुर के स्थापना दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 8 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आकाशवाणी, जयपुर के 66वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि संचार माध्यम का समाज से निकट का रिश्ता होता है, जिसे आकाशवाणी ने बखूबी निभाया है।आकाशवाणी ने देश के सुदूरवर्ती इलाकों तक सूचनाओं के प्रसार में महती भूमिका निभायी है, साथ ही हिन्दी भाषा के वैश्विक रूप को गढ़ने में भी पर्याप्त योगदान दिया है। सूचना, शिक्षा और मनोरंजन आधारित कार्यक्रमों से आकाशवाणी ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी विशेष भूमिका निभायी है।

उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आकाशवाणी अपनी इस विशिष्ट पहचान को कायम रखते हुए आगे भी जनजागरण में अपनी भूमिका का प्रभावी रूप से निर्वहन करता रहेगा।

———